[श्री हरीशंकर महाले]

चाहिए । इसके साथ साथ राष्ट्र का हित भी देखना चाहिए ।

(iv) REPORTED RETRENCHMENT OF CASUAL WORKERS IN SOUTH EASTERN RAILWAY.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur): I would like to raise a matter of great importance under rule 377.

On February 14, 1978, 111 casual workers of unskilled, semi-skilled and skilled categories, who were working under the District Engineer (construction) Kharagpur, South-Eastern Railway have been arbitrarily retrenched. These employees were recruited between may, 1968 and April 1973 and therefore, have been working for nearly ten years and the shortest period has been five years and they have been in continuous service till their retrenchment. It is strange that on the one hand senior employees are being retrenched while on the other, fresh recruitments of about 99 casual workers were made between October 1976 and May 3, 1977 by the same District Engineer. And moreover in 1978 itself, fifty more casual workers of similar categories were recruited by him. There are various schemes of new works which are to be undertaken by the District Engineer (Construction) Kharagpur requiring a large number of employees of similar categories to that of those retrenched personnel. It is also contrary to law to retrench senior employees and continue in employment the juniors. I would request the Government to immediately look into the matter and see that 111 casual retrenched personnel who have acquired considerable experience in their work are immediately taken back in employment so that their experiences and services can be utilised properly. There are sufficient opportunities for fresh employment which can be given to the persons who have been recruited subsequent to the retrenched personnel and they can be continued in service.

The government has taken a vindictive attitude because some of them have gone to court under jurisdiction of article 226. They have not even received their wages for the period they worked, from 16th January to 14th February. Their salary has been withheld although the court granted them liberty to receive the mony. This is being deliberately withheld just because they have gone to court. I request the Ministry of Railways to act promptly in the matter and take back the retrenched employees. People who have been working for more than 10 years have been retrenched because they are casual employees and in the menatime new people are taken in the same division. More experienced people are being put out of job. There are numerous vacancies for taking in new people. Apart from the question of law, the question of propriety and morality is there. This is a very important matter because 111 persons for no fault of theirs have been dismissed. I request the government and the Railway Minister to look into it. I have also written to him. I hope the Minister of Parliamentary Affairs will kindly bring it to his notice so that some immesdiate steps may be taken.

14.25 hrs.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now resume further consideration of the following motion moved by Shri Gauri Shankar Rai and seconded by Dr. Sushila Nayar on the 24th February, 1978, namely:—

"That an Address be presented to the President in the following terms:—

'That the Members of Lok Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the Presi-

dent for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on the 20th February, 1978'

along with the amendments moved:

Shri Nathuram Mirdha.

श्री नाथू राम मिर्धा (नागौर) : उपाध्यक्ष महोदय, सदन में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव रखा गया है उस पर चर्चा चल रही है। जनता सरकार को बने हुए करीब एक साल होने जा रहा है। पिछले एक साल में इसने क्या क्या किया है और इस साल में यह क्या करना चाहती है इसका करीब करीब सारा ब्यौरा सदन के सामने आ चुका है। राष्ट्रपति का अभिभाषण हो गया है, रेलवे बजट पेश हो चुका है, जनरल बजट भी कल पेश हो गया है और इस सरकार के क्या इरादे हैं क्या यह करना चाहती है वह सब चीज़ लोगों के सामने आ गई है। मैं सारे मामलों पर एक साथ राय नहीं दे सकता हूं। कुछ मुद्दों पर ही अपने विचार आपके सामने रखना चाहता हूं।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में पैरा नम्बर 5 में यह अपेक्षा की है कि देश में कुशल और स्वच्छ प्रशासन की आवश्यकता है। सच्चाई यह है कि इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता है और इसके बारे में कोई दो रायें नहीं हो सकती हैं। पिछले एक साल में जिस प्रकार से केन्द्र और राज्यों में जहां पर जनता पार्टी की सरकारें हैं कार्य किया है उसको देखते हुए क्या यह कहा जा सकता है कि ईमानदारी की भावना बढ़ी है ? जहां तक मेरी राय है प्रशासन में, प्लांज के एक्सीक्यूशन में, चाहे केन्द्र हो या राज्य सरकारें हों जहां जनता की सरकारें हैं शासन में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। वही ज्यादा से ज्यादा ढीलापन शासन में नजर आता है। चारों तरफ एक अनिश्चितता का वातावरण नजर आता है। अधिकारीगण फैसले तेज़ी से और हिम्मत से कर सकें ऐसा वातावरण कहीं नजर नहीं आता है। मंत्रियों का आपस में तालमेल नहीं है। उनके आपसी झगड़ों की खबरें रोज अखबारों में आती हैं। छोटी छोटी बातों को ले कर उनमें आपस में मतभेद होते हैं। कौन सी नीति पर आप देश को चलाना चाहते हैं और क्या करना चाहते है उसके कोई आसार पिछले एक साल में मुझे तो नजर आए नहीं।

यह कहें कि लोकपाल बिल आएगा और वह पास हो जाएगा तो सारी राजनीति शुद्ध हो जाएगी, शासन अच्छा चलने लग जाएगा तो मैं कहना चाहता हूं कि आप बहुत ज्यादा आकांक्षा उस कानून से कर रहे हैं उसमें पार्लियामेंट के मेम्बरों को भी जोड़ा जा रहा है ताकि वह भी भ्रष्ट न हों, जब कि उनके हाथ में कुछ करने का अधिकार नहीं है। केन्द्रीय मंत्रियों को और राज्य के मुख्य मंत्री को उस दायरे में लाना चाहते हैं। पर उस दायरे में लाये बिना भी शुद्धता लायी जा सकती है, और जिस तरह की मैं आशा करता था वह आज देखने को नहीं मिलती है। कुशल प्रशासन होना चाहिये, इसमें दो रायें नहीं हैं, पर एक साल में उसके कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं, और देश आगे किस तरह बढ़ेगा कुछ समझ में नहीं आता।

राष्ट्रपति जी ने इस देश के अन्दर विकास के बारे में कुछ बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ग्रोथ 5 परसेंट हुई। पर उसके साथ साथ उन्होंने चिन्ता जाहिर की हैं कि देश के अन्दर आज भी कुछ ऐसे तत्व हैं, चारों तरफ शरारत और गुंडई का वातावरण बना हुआ हैं, ला ऐंड आर्डर की समस्या आज भी देश के सामने है, और मैं समझता हूं कि उनकी चिन्ता वाजिब है। किसी भी देश को अगर आगे बढ़ना है और गरीबी

[श्री नाथू राम मिर्धा]

को मिटाना है जैसा कि यह कहते हैं कि 10 साल में इस काम को कर देंगे, मैं सोचता था कि जो भी नीतियां इनकी हैं उसमें कहीं भी एक बटे 10 के आस पास एक साल में बढ़े हों । लेकिन कहीं नजर नहीं आता । कहीं भी दिखाई नहीं देता कि तिल मात्र भी पहले की स्थिति से आगे बढ़े हों । सिर्फ यह कहना कि कांग्रेस ने 30 साल में खराब काम किये इससे काम चलने वाला नहीं है । जनता प्रमाण चाहती है । उन्होंने अमरीका के राष्ट्रपति और इंग्लैंड के प्रधान मंत्री के कोटेशन्स दिये है जिनको मैं दोहराना नहीं चाहता । लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि देश की ग्रोथ बढ़ाने के लिये शांति का वातावरण सब से जरूरी चीज है, जो आज नहीं नहीं है । मजदूरों के क्षेत्र में देखिये, आपने इकोनामिक सर्वे में कहा है कि पिछले साल में लेबर डेज लोस्ट 11 मिलियन, उसके पहले साल में 6 मिलियन । लेबर स्ट्राइक ज्यादा बढ़ी, लोक आउट्स बढ़े हैं । आज भी चिन्तित हैं कि इन्वेस्टमेंट नहीं हो रहा है । वित्त मंत्री जी ने कल बजट में कन्सेशन भी दिये हैं । लेकिन जब तक ला ऐंड आर्डर में सुधार नहीं होता, मजदूरों के बारे में आपकी नीतियां साफ़ नहीं होंगी तब तक हालात बिगड़ते जायेंगे । विद्यार्थियों में जगह जगह पर अनुशासनहीनता बढ़ती जा रही है, 24 विश्वविद्यालय बन्द हैं, आज स्कूलों और कालेजों में पढ़ने का वातावरण नहीं है । जो इमरजेंसी के दौरान अनुशासन का वातावरण बना था वह बिगड़ता जा रहा है । सरकारी कर्मचारियों में आज ढीलापन चालू है, अनिश्चितता की स्थिति है । इसी तरह से जरायम बढ़ रहे हैं । दिल्ली में ही अखबारों में पढ़ने को मिला कि पीछे पीछे पुलिस पार्टी चल रही है और आगे आगे चोर घरों को लुटते जा रहे हैं । इस प्रकार जो विद्यार्थियों में, सरकारी कर्मचारियों में अनुशासनहीनता बढ़ रही है, नागरिकों में सुरक्षा का वातावरण नहीं है और जिसके बारे में राष्ट्रपति जी ने चिन्ता प्रकट की है, समझ में नहीं आता कि किस तरह से आप उसमें सुधार करने जा रहे हैं ।

जिस प्रकार से आपकी शासन व्यवस्था राज्यों और केन्द्र में चल रही है और जिस तरह के तौर तरीके आपके मंत्रियों द्वारा काम में लाये जा रहे हैं, हम रोज देखते है कि प्रधान मंत्री जी को बीच में खड़े हो कर कहना पड़ता है कि शांति रखी जाय, इस वातावरण को किस प्रकार सुधारेंगे, कोई चीज स्पष्ट दिखाई नहीं देती है । वातावरण में सुधार की आवश्यकता है, वरना आप ग्रोथ नहीं बढ़ा सकते । आपने कबूल किया है कि इमरजेंसी की वजह से लोगों में जो कमजोरी आयी थी वह दूर हो गई है और लोगों में उछाल आ रहा है । जिस प्रकार गेंद को जितने ज्यादा जोर से नीचे मारोगे उतने ही जोर से ऊपर उछलेगी । अगर आप इसमें सुधार नहीं करते तो देश आगे नहीं बढ़ सकता । इसलिये मैं आपका ध्यान राष्ट्रपति जी की चिन्ता की तरफ, जिस चिन्ता में मैं अपनी चिन्ता को भी शरीक करता हूं, दिलाता हूं कि देश के हालात को अगर इन बातों में नहीं सुधारा गया, तो निश्चित तौर पर हमारे आगे की ग्रोथ के कोई मायने नहीं हैं ।

आर्थिक ग्रोथ के बारे में आपने खुशी जाहिर की और कहा कि पिछले साल के मुकाबले में, जहां कि 1.6 ग्रोथ थी, अब हमने 5 परसेंट ग्रोथ कर दी । परन्तु इसके साथ ही आर्थिक समीक्षा में यह भी लिखा है कि 75 और 76 की ग्रोथ, जो कि 8. कुछ है, वह पहले से ज्यादा है । उसका मतलब यह हुआ कि तीन साल की बात आपने कही । राष्ट्रपति जी ने 5 साल की ग्रोथ पर खुशी जाहिर की और कहा कि आगे भी ग्रोथ करने जा रहे हैं । यह भी कहते हैं कि एग्रीकल्चर पर हमने ज्यादा धन लगाया है, 400, 450 करोड़ रुपया इस साल में एग्रीकल्चर, इरिगेशन

फर्टिलाइजर वगैरह पर खर्च करेंगे और बीज ज्यादा देंगे । लेकिन आर्थिक समीक्षा के लास्ट पैरा में लिखा है कि यह केवल तभी संभव होगा जब कि शासन में कुशलता हो । इन्फ्रा-स्ट्रक्चर इन चीजों को चलाने के लिए सक्षम हो । उसमें आपने यह अपेक्षा की है कि गांव लेबल पर हमारे एडमिनिस्ट्रेशन और लोगों का आपस में तालमेल होकर नये तरीके से हम इस टेक्नौलाजी को काम में ला सकेंगे । मैं जानना चाहता हूं कि आप ग्रास-रूट लेबल पर क्या करना चाहते हैं, क्या परिवर्तन आप एडमिनिस्ट्रेशन में करना चाहते है ?

कृषि आयोग की रिपोर्ट में लिखा है कि एग्रीकल्चर प्रोडक्शन बढ़ाने के बारे में आप एडमिनिस्ट्रेटिव सेट-अप में तबदीली करें । जिन चीजों की देश को जरूरत है, जब तक आप एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम की ओवरहाल नहीं करेंगे, न आपकी योजना बन सकती है और न चल सकती है और न ही उसक बेसिक इन्फ्रा-स्ट्रक्चर बन सकता है ।

अब एक साल होने आया, कृषि आयोग की 38 वाल्यूम लिखी हुई हैं । आप रात-दिन ग्रामीणों की वकालत करते हैं, उनको ऊंचा लाने की बात सोचते हैं, तो उन सिफारिशों का क्या हुआ जो कृषि आयोग ने देश की थीं ? पूरे का पूरा ढांचा उसका आपके सामने है । काटेज इंडस्ट्रीज और एग्रो-इंडस्ट्रीज की गांवों में किस प्रकार बढ़ाया जाये, लोगों के इकनामिक स्टैंडर्ड को कैसे सुधारा जाये, खेती की प्रोडक्शन कैसे बढ़ायी जाये, आदि पर उसकी सिफारिशों पर कौन ध्यान दे रहा है ?

आपने डैजर्ट डैवलपमेंट के लिये 6 करोड़ रुपया रखा । उसमें से कितना खर्च हुआ है ? अब कहते हैं कि 20 करोड़ रुपया रख देंगे, तो एग्रीकल्चर सैक्टर में रुपया बढ़ाते जायें, लेकिन इससे ही सारा काम नहीं हो जाता । जब तक बेसक इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और आम लोगों के सहयोग को इसमें जोड़ कर हम साथ नहीं चल सकते, एग्रीकल्चर की चीजों की कमी को हम पूरा नहीं कर सकते हैं ।

आपने इस बात पर गर्व जाहिर किया कि इस साल अनाज का उत्पादन 121 मिलियन टन हो जायेगा । पिछले दफे 118 मिलियन टन तक पहुंच चुका है । आप कहेंगे कि 2 हजार मिलियन हैक्टर में सिचाई बढ़ायेंगे, फर्टिलाइजर बढ़ायेंगे । यह सब चीजें तो नार्मल फसलों में चल रही हैं परन्तु उसका उपयोग जो पावर्टी लाइन के नीचे लोग हैं, उनमें कितनी क्षमता बढ़ती है, उनकी इकनामिक ग्रोथ क्या होती है, यह देखना जरूरी है ।

राजस्थान के मुख्य मंत्री की पहुत तारीफ करते है । उन्होंने एक योजना बनाई है कि एक-एक गांव में 5–5 परिवारों को सहायता देंगे, रुपया देंगे । मैं जानना चाहता हूं कि क्या बेसिक इन्फ्रा-स्ट्रक्चर है, उन 5, 5 परिवारों को गांवों में संभालने के लिए कि लोन देने के बाद पैसा उसी परपज में लगे जिससे उत्पादन बढ़े, पैसा पे करने की कैपेसिटी बढ़े ? इस तरह से रुपया देने और योजना रख देने से देश का काम चलने वाला नहीं है । देश का काम उससे चल सकता है कि हम इन चीजों का उपयोग कैसे कर सकगें हैं, और उसका उपयोग करने शसान की शक्ति है या नहीं ? लोगों का सहयोग उसके साथ जोड़ा जा सकता है या नहीं ? यह बात बहुत मैटीरियल है ।

आज एग्रीकल्चर में कितने उतार-चढ़ाव देखने में आ रहे हैं । एक माननीय सदस्य ते कहा कि काटन, तेल की कमी हैं और चीनी इतनी पैदा हो गई है कि किसान भी परेशान है, आपकी भी समझ में नहीं आता कि क्या करें ? रुई ज्यादा पैदा हो जाये, तो आपको

[श्री नाथु राम मिर्धा]

चिन्ता हीं जाती है कि क्या करें । आपकी पार्टी में बैठने वाले लोग इस तरह के मुद्दों से हमेशा चिन्तित रहते हैं । अगर पैदावार बढ़ जाये, तो उस चीज का भाव गिर जाता है, उसकी मार्केटिंग की उचित व्यवस्था नहीं है ।

इस तरह से और भी चीजें हैं, बड़े-बड़े नारे लगाये जाते है । धारिया जी कहते हैं कि 15, 20 एसैंशियल कमोडिटीज की वितरण की व्यवस्था सुधारेंगे, प्राइस एस्टैब्लिश करेंगे, सब चीजें वाजिब तौर से लोगों को मिलेंगी । कहना आसान है, परन्तु करेंगे कैसे ? आपकी रिपोर्ट में है कि एग्रीकल्चर प्रोडक्शन को बढ़ाना चाहिये । लेकिन उसकी मार्केटिंग की क्या व्यवस्था हो, किस प्रकार से रुई को डील किया जाये, किस प्रकार आयल-सीड को डील किया जाय किस तरह से और एग्रीकल्चरल कमोडिटीज को मार्केटिंग की समस्या को हल किया जाये, सारी बातें बहुत डिटेल में समझा कर उसकी सिफारिशें लिखी हुई हैं ।

कृषि आयोग ने अपने प्रतिवेदन में 2,333 सफ़ारिशें की हैं । लेकिन किसने पढ़ा है उस रिपोर्ट को ? संसद्-सदस्यों में उसकी समरी बांटी गई हैं, लेकिन सरकार के कितने लोगों ने उसका अध्ययन किया है ?

सरकार की तरफ से रोज़ ग्रामों को ऊंचा उठाने की बात कही जाती है । सरकार की भावना बड़ी शुद्ध है, लेकिन जब तक उस भावन की मूर्त रूप देने के लिए कोई इन्फ्रा-स्ट्रक्चर न हो, एडमिनिस्ट्रेटिव व्यवस्था न हो और पैसे का ठीक उपयोग करने का इन्तज़ाम न हो, सब तक केवल शुद्ध भावनाओं को व्यक्त करने से काम नहीं चलेगा । मार्केटिंग के उतार-चढ़ाव एग्रीकल्चर को कभी पनपने नहीं देंगे ।

इस बात पर बहुत जोर दया गया है कि हमारी बहुत अच्छी साउंड इकानामी है, हमारे पास 20 मिलियन टन अनाज है, जो और बढ़ता जायेगा, और हमारे पास 4,000 करोड़ रुपये की फ़ारेन एक्सचेंज है । सरकार इस बात पर बहुत खुश हो रही है । लेकिन इस स्थिति पर पहुंचने के लिए उसने क्या किया है ? उसने जोन्ज को ख़त्म कर दिया हैं और फ्री मूवमेंट की इजाज़त दे दी है । अगर लेकिन अगर अगले साल अकाल पड़ गया, तो ब कैसे चावल या गेहूं इकट्ठा करेगी और कैसे उन्हें बांटेगी ?

मेरा निवेदन यह है कि लोगों को खुश करने के लिए डे-टु-डे नीतियां निर्धारित करने का तरीका त तो देश के लिए और न सरकार के लिए हितकर है । जब तक सरकार लांग-रेंज पालिसीज़ बना कर कोई व्यवस्था नहीं करेगी, तब तक न तो प्रोड्यूसर को ठीक दाम मिलेगा और न ही कनज्यूमर्ज को कोई लाभ होगा । आज प्रोड्यूसर रो रहे है, क्योंकि उन्हें वाजिब दाम नहीं मिलता है । कनज्यूमर के लिए प्राइस की कोई गारंटी नहीं है । आज कोई प्राइस स्टैबिलिटी नहीं है । सरकार की तरफ़ से आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि होलसेल इंडेक्स पहले से हाई है, लेकिन कनज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर इसका कोई फ़र्क नहीं पड़ा है । मैं भी यही कहता हूं कि जो गरीब लोग रोज़ खरीद कर खाते हैं, उनकी स्थिति में कोई फ़र्क नहीं पड़ा है ।

आज सारी व्यवस्था व्यापारियों, मिडलमैन, के हाथ में है, जो किसानों को ठीक दाम नहीं देते हैं और कनज्यूमर को भी लूट खिसोट रहे हैं। अगर जनता पार्टी कुछ क्लीयर थिंकिंग करके सही नीति नहीं अपनाती है, तो एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन नहीं बढ़ने वाला है । प्राडक्शन बढ़ता है, तो किसान मरता है, क्योंकि कोई खरीदने वाला नहीं है । अगर प्रोडक्शन घटता है, और

अनाज के भाव ऊंचे होते हैं, तो सब किसानों को गाली देते हैं। सरकार इस स्थिति से कैसे निपटना चाहती है, इसका कोई क्लीयर इंडीकेशन सरकार के किसी भी डाकुमेंट में देखने को नहीं मिला है। हां, अगर मंत्री महोदय अपने भाषण में कोई स्पष्टीकरण दें, तो मैं समझने के लिए तैयार हूं।

मैं आपकी दो बातों की तारीफ़ करना हूं। आपने इसमें जो नेशनल सटेलाइट प्रोजक्ट को स्वीकार किया है इस की रेकमेंडेशन राष्ट्रीय कृषि आयोग ने की थी और यह बहुत जरूरी प्रोजक्ट है। देश की धरती के नीचे कितना पानी है, कितनी धातु हैं उसका सर्वेक्षण आप इससे कर सकते हैं। खेती में बीमारी कितनी हैं, कितनी एकरेज में कितनी फसल है और क्या फसल की हालत है यह सब सैटेलाइट बता सकता है। इस की मैं तारीफ करता हूं।

इसी तरह आप ने चार सालों में शराबबन्दी करने की घोषणा की है, इस का भी मैं हामी हूं। मैं जानता हूं इससे फ़ायदा होगा। मेरे जिले के अन्दर भी पहले लोग लड़ते थे कि नहीं होनी चाहिए लेकिन पिछले तीन चार सालों से जब से शराबबन्दी हुई है उसका फायदा लोगों ने खुद महसूस किया है, यह मैंने देखा हैं। इसलिए चार सालों में अगर आप शराबबन्दी कर दें तो यह देश के हित में होगा। बहुत से जो पीने वाले हैं वे यह कहते हैं कि इस से बूट-लेगिंग होगी। कहने वाले कहते ही रहेंगे, लेकिन शराब अगर इस देश में बन्द हो जाये तो लोगों का नेशनल चरित्र भी ऊंचा होगा, वाजिब तौर पर बचत होगी, परिवार अच्छी तरह से चलने लगेंगे और आर्थिक उन्नति होगी। आपकी इन दो बातों की जो राष्ट्रपति महोदय के भाषण में कही गई हैं मैं तारीफ़ करता हूं। .. (व्यवधान) ..... आप मुझे दो तीन मिनट का समय और दे दें तो मैं अपनी बात कह लूंगा। .....

SHRI A. BALA PAJANOR (Pondicherry): I want to know whether any relaxation has been made in admission to the Central Hall, because there are a number of people there.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not raise the question of the Central Hall here Yesterday itself I had made it clear. As far as the Central Hall is concerned, it is the look-out of the Watch and Ward. You can go and complain to them.

SHRI A. BALA PAJANOR: They say it is under the rules.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not raise the matter.

SHRI A. BALA PAJANOR: You can give a ruling.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not consume the time of the House.

श्री नाथू राम मिर्धा : अभी शाह आफ ईरान आए थे तो उनको आपने राजस्थान कैनाल का दौरा कराया था। राजस्थान कैनाल का दौरा करते वक्त मैंने यह भी सुना कि वह भारत सरकार को राजस्थान कैनाल का सैकेंड फेज पूरा करने के लिए कुछ रुपया देना चाहते हैं। राष्ट्रीय कृषि आयोग ने राजस्थान कैनाल और डैजर्ट डैवलपमेंट के बारे में एक बहुत स्पेशल रिपोर्ट लिखी है और उसमें यह कहा गया है कि पानी ज्यादातर जो जा रहा है बहाव के जरिए से पाकिस्तान बार्डर की तरफ उसको लिफ्ट के जरिए उठाया जाए। उस सारे प्रोजेक्ट को रिवाइज करने की ज़रूरत है। कम से कम जिस लिफ्ट की बात को प्लानिंग कमीशन मानता है, भारत सरकार मानती है और राजस्थान सरकार भी पहले मानती थी, अब पोलिटिकल ग्राउन्ड्स पर उसको रिवर्स करना चाहते हैं, यह ठीक नहीं है। जहां लोग बैठे हैं वहां पानी नहीं लाना और जहां कोई नहीं है वहां पानी

[श्री नाथू राम मिर्धा]

को घर घर ले जाना यह देश के लिए बरबादी का दिन होगा । केवल इशारे मात्र में मैं इतना ही कहना चाहता हूं :

रेलवे बजट में भी मैंने देखा राजस्थान के लिए कुछ भी नहीं है । बेकारी और बेरोजगारी दस साल में दूर करने के प्रोग्राम को भी मैंने समझने की बहुत कोशिश की लेकिन मुझे कहीं पर उस का इसमें ट्रेस भी नहीं मिला कि बेकारी और गरीबी मिटाने के लिए रत्ती भर भी कहीं कुछ किया हो । जो प्रोग्राम बनाया हैं उसमें मुझे कोई तथ्य नजर नहीं आता ।

अन्त में मैं एक बात यह निवेदन करना चाहता हूं कि देश में मुझे बहुत विघटन की प्रवृत्तियां नजर आ रही है । आपने फारेन रिलेशंस के बारे में बहुत देशों की अच्छी अच्छी बातें कही हैं । नान एलाइनमेंट पालिसी पर आप चल रहे हैं । कभी कभी जैनुइन शब्द लगा देते है चाहे वह किसी की समझ में आए या न आए । लेकिन मुझ उसकी कोई चिन्ता नहीं है । आप लोग नये नये आए हैं, आप मिलें उन से बातें करें, अच्छे सम्बन्ध बनाएं, देश के हित में बनाएं, यह सब ठीक है । पर देश में जो खराबी हो रही है, एक तो भाषा के नाम पर हीं रही है । फिर देश के ईस्ट में और तरह के तत्व पनप रहे हैं । इधर पंजाब में कुछ और हालत बनती चली जा रही है । मैंने किताबें पढ़ी हैं जिनमें लिखा है कि यह तो हन्दू राज है, उधर वाला मुसलमान राज है । बीच में सिख राज बनाओ । ऐसे भी भाषण चल रहें है । ऐसी किताबें मैं ने पढ़ी हैं । इसलिए देश में आज विघटन की प्रवृत्ति बढ़ रही है । ..... (व्यवधान) ..... आप इन बातों के ऊपर सोचिए । देश के अन्दर अगर ये सवाल उठ कर खड़े होंगे और बिखराव की तरफ जाएंगे तो ये आपकी तरक्की के लिए परेशानी के कारण बनेंगे । मैं चाहूंगा कि जो कुछ मैंने कहा है उसके ऊपर आप गहराई से विचार कीजिए ।

श्री नाथू सिंह (दौसा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । विरोध पक्ष के जो हमारे मित्र इस प्रस्ताव के विरोध में बोल रहे हैं, लगता है उन्होंने हर चीज़ को स्वीकार करने से मुंह मोड़ लिया है । उन्होंने जो इस की आलोचनाएं की हैं उस से लगता है कि उनको आलोचना करना भी ठीक ढंग से नहीं आता हैं । पहले वह कह रहे थे कि जनता पार्टी नहीं चलेगी, जनता पार्टी टूट जायगी । लेकिन जनता पार्टी ठीक प्रकार से चल रही है, उस की सरकार भी बन गई, लेकिन जो कह रहे थे कि जनता पार्टी टूट जायगी, जो जनता पार्टी पर प्रहार कर रहे थे, उन की अपनी पार्टी टूट गई और आज हम देख रहे है कि एक तरफ़ रेड्डी कांग्रेस हैं और दूसरी तरफ लेडी-कांग्रेस है । हमारी पार्टी के लिये एक वर्ष कोई अधिक समय नहीं हैं, हमारी पार्टी की स्थापना हुए ही अभी एक वर्ष हुआ है, सरकार की स्थापना हुए भी एक वर्ष ही हुआ है । अभी तो हम को चुनावों से भी फुरसत नहीं मिली हैं, लेकिन उसके बावजूद भी हम लोग पहले से ज्यादा मजबूत हुए है ।

दूसरी बात ये लोग कह रहे है कि जनता पार्टी विभिन्न स्वरों में बोलती है । मैं उनको बतलाना चाहता हूं–एक स्वर तो केवल तानाशाही में निकलता है, लोकतन्त्र में तो हमेशा विभिन्न स्वर निकलते हैं । आप ने बांसुरी की आवाज़ सुनी होगी, जनता पार्टी कृष्ण की वांसुरी है, जिस में विभिन्न स्वरों के द्वारा जो स्वर निकलता है, वह मीठा ही सुनाई देता है । इस लिये एक स्वर में बोलना तानाशाही की निशानी हैं । पहले श्रीमती इन्दिरा गांधी एक स्वर में बोलती थीं, मिनिस्टर लोग उन्हीं की बात को दोहराते थे, मुख्य-

मंत्री लोग उसी बात को दोहराते थे, तथा-कथित युवक-कांग्रेस के नेता लोग उसी बात को दोहराते थे । पूरे हिन्दुस्तान में एक ही स्वर सुनाई देता था—चाहे रेडियों हो या समाचार पत्र हों, सभी के माध्यम केवल इन्दिरा जी का स्वर और दूसरा स्वर संजय गांधी का सुनाई देता था, तीसरा कोई स्वर उस जमाने में सुनाई नहीं देता था ।

कल स्टीफ़न साहब ने कहा कि यह तो आयोगों की पार्टी है । हम झण्डे के लिये खून वहा देंगे । मैं स्टीफ़न सहब से पूछना चाहता हूं—आपातकाल के दिनों में आप की बहादुरी कहां चली गई थी ? किस बिल में घुस गई थी, जो आज बहादुरी दिखा रहे हैं ? हम जानते हैं आप कितने बहादुर हैं, झ ंडे के लिये कितना खून बहायेंगे । आपातकाल के दिनों में जब अत्याचार हुए, जिस जनता ने आप को वोट दिया था, जब उस पर अत्याचार हो रहे थे, तो आप की जुबान क्यों बन्द थी ? आप ने खून बहाना तो दूर रहा, पसीना तक नहीं बहाया । इस लिये हम जानते हैं कि आप कितने बहादुर है और झण्डे के लिये कितनी बहादुरी दिखायेंगे ।

आपने कहा कि यह आयोगों की पार्टी है । किसी भी लोकतान्त्रिक देश में जनतन्त्र को कुचलने वालों के ऊपर आयोग बैठाना तो बहुत छोटी सी बात है । आप इंग्लैंड का उदाहरण लीजिये—वहां ऐसी व्यवस्था है कि जो जनतन्त्र के ऊपर प्रहार करे, उस को नष्ट करें, उस पर आयोग ही नहीं, महा-अभियोग लगना चाहिये । हम ने बहुत ही साधारण कार्यवाही की है, सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रहे हैं, आप लोगों पर दया कर रहे हैं, लेकिन उस के बावजूद भी आप कहते हैं कि हम आयोग बैठा रहे रहे है । जब आयोग की रिपोर्ट आयेंगी और उस के बाद आप के ऊपर जो कार्यवाही की जायगी, तब पता नहीं आप क्या करेंगे ।

आप कह रहे है कि जनता पार्टी लोकतन्त्र को खोखला कर रही है । स्टीफ़न साहब ने देव राज अर्स का उदाहरण दिया, उन की सरकार को भंग कर दिया गया था और वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था । आपात काल के दिनों में जब हम जेलों में बन्द थे, तमिलनाडु का उदाहरण आप के सामने है । आप ने तमिलनाडु सरकार को क्यों भंग किया था ? क्या इस लिये कि श्री करुणानिधि महादेवी के चरणों में सिर नहीं झुकाते थे । जब आप ने उस समय तामिलनाडु की सरकार को भंग कर दिया, तो अब हम ने यदि देवराज अर्स की सरकार को भंग कर दिया—हस में आप को क्यों आपत्ति हैं ? आप को केन्द्र में 6 साल तक बने रहने का अधिकार किस ने दिया था ? आप तो पांच सालों के लिये चुन कर आये थे । उस के बावजूद भी यदि हम चाहते तो कर्णाटक की सरकार को अपने हाथ में रख सकते थे, लेकिन हम ने तुरन्त वहां पर चुनाव करवा दिये और उसके बाद जनता ने जो फैसला दिया, उस को हम ने सहर्ष स्वीकार किया । तो यह कहना कि हम लोकतंत्र की जड़ें खोखली कर रहे हैं सर्वथा ग़लत है । आप ने उस से पहले क्या किया । विभिन्न राज्यों के मुख्य मंत्रियों को एक झटके में बदल देते थे और इस तरह से आप ने कई मुख्य मंत्री बदल दिये । श्री मोहन लाल सुखाडिया आप के प्रजातंत्र का एक उदाहरण हैं । वे राजस्थान के मुख्य मंत्री थे । उनको आप ने मुख्य मंत्री पद से हटा दिया । क्या उन्होंने वहां की विधान सभा का विश्वास खो दिया था । ऐसी कोई बात नहीं थी लेकिन उन को मुख्य मंत्री के पद से हटा कर गवर्नर इसलिए बना दिया गया था कि वे राष्ट्रपति जी या इन्दिरा जी के इशारे पर नहीं चलते थे । उनके स्थान पर आप ने श्री बरकतुल्ला खान को वहां पर थोप दिया । विधान सभा के सदस्यों से नहीं पूछा गया और

[श्री नाथू सिंह]

न ही अपनी पार्टी के लोगों से आपने पूछा । ऊपर से उन को वहां पर थोप दिया गया । यह था आप का लोकतंत्र, यह था आप का प्रजातंत्र ? इस तरह के एक नहीं बल्कि कई उदाहरण मैं आप के सामने रख सकता हूं जिन से पता चलेगा कि आप लोगों ने कितना तानाशाही रवैया अपनाया था। प्रेस का गला आप ने घोट दिया था। हम प्रेस आयोग बना रहे हैं। इसके अलावा हम प्रेस को पूरी स्वतन्त्रता दे रहे हैं। आप की तरह हमने न्यायपालिका को बिल्कुल अपनी मुट्ठी में नहीं किया। हमने कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका, तीनों को पूर्ण स्वतन्त्रता दी है और वे अपने अपने क्षेत्र में स्वतन्त्र रूप से काम कर सकती हैं। लोकतंत्र के जो ये पहिये हैं, धुरी हैं, इनको हमने मजबूत किया है। आप यह देखें कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को, चाहे उन्होंने जैसा फ़ैसला दिया, हमने नियमों का पालन करते हुए सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किया है । क्या यह लोकतंत्र का सही नमूना नहीं है ?

एक चीज़ मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि प्रेस के बारे में जो सरकार कर रही है, वह ठीक ही कर रही हैं लेकिन वेज बोर्ड की जो शर्तें हैं उन को बड़े-बड़े अखबारों के मालिक नहीं मान रहे हैं । हो सकता है कि उन के और कांग्रेस के सम्बन्ध कुछ अच्छे रहे हों, इन्दिरा जी के और उन के सम्बन्ध कुछ अच्छे रहे हों, लेकिन कर्मचारियों की जो वाजिब मांगें है और वेज बोर्ड में जो शर्तें रखी गई हैं उन को वे लोग नहीं मान रहे हैं । सरकार बड़े पत्रों के मालिकों को इस बात के लिए मजबूर करे कि वेज बोर्ड की जो शर्तें हैं, उन को वे मानें और इसके लिए उन पर दवाव डालना चाहिए ।

एक बात यह बहुत कहते हैं कि हरिजनों पर बहुत अत्याचार हो रहे हैं । ऐसा कह कर यह छुआछूत की भावना फैला रहे हैं । बनारस के अन्दर क्या हुआ जब बाबू जगजीवन राम जी वहां पर गये थे ? कौन थे वे लोग ? वे जो इन्दिरा कांग्रेस के समर्थक थे, इन्दिरा समर्थक विद्यार्थी थे जिन्होंने वहां के विश्वविद्यालय पर अपना कब्जा किया हुआ है । वे एन० एस० एफ० आई० के विद्यार्थी हैं जो इन्दिरा जी के समर्थक हैं और वे वहां पर लोगों में छुआछूत की भावना फैला रहे है । वहां पर 19 विद्यार्थियों को 30 जनवरी को गिरफ्तार किया गया जिन में वहां की यूनियन का अध्यक्ष भी था और जो इन्दिरा जी का पक्का समर्थक है । क्या यह जनता पार्टी वालों ने किया है. आर० एस० एस० वालों ने किया या किसी सोशलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता ने किया है ? यह केवल इन्दिरा जी के समर्थकों ने किया है और आज यह दिखाना चाहते हैं कि हरिजनों पर बड़े अत्याचार हो रहे हैं । जहां तक हरिजनों पर अत्याचार की बात है, 20 प्रतिशत अत्याचार इन के जमाने में हरिजनों पर हुआ करते थे लेकिन अब वे 5 प्रतिशत पर आ गये है । हमारी सरकार को बने हुए अभी एक ही साल हुआ है और 5 प्रतिशत पर हम इन को ले आए हैं । दो साल के बाद 5 प्रतिशत अत्याचार भी हरिजनों पर नहीं होंगे । इन लोगों ने बहुत सारे काम हरिजनों और ग़रीब लोगों के विरूद्ध किये है लेकिन हमारी सरकार उनकी भलाई के लिए बहुत से काम कर रही है विशेष रूप से गांवों में । गांवो में अपराध उनके खिलाफ़ होते थे या शहरों में उन के खिलाफ़ होते थे उन को दूर करने के लिए हम सतर्क हैं । अभी राजस्थान के श्री नाथू राम मिर्धा बोल रहे थे कि चारों तरफ़ कानून की व्यवस्था ठीक नहीं है । मैं पूछना चाहता हूं कि इस के लिए जिम्मेदार कौन है । अन्तिम पुलिस आयोग 1902 में बैठाया गया था और उस के बाद अभी तक पुलिस आयोग नहीं बैठाया गया था। क्यों नहीं बैठलाया गया था ? आज आप यह देखें कि पुलिस स्टेशनों पर

पूरी पुलिस नहीं हैं, उन को कोई सुविधाएं नहीं दी गई हैं । न उन को कोई गाड़ी दी गई हैं और न उन के पास दूसरे कोई साधन हैं जिन से अपराधों का पता लग सके । इसके लिए भूतपूर्व सरकार जिम्मेदार है । हमने इसीलिए पुलिस आयोग की स्थापना की है जिससे अपराधों को हम रोक सकें और यह देख सकें कि एक पुलिस स्टेशन पर कितने सिपाहियों की जरूरत है, कितने और साधनों की जरूरत है । ये जितने अपराध आज दिखायी दे रहे हैं इसके लिए भूतपूर्व सरकार ही पूरी तरह से जिम्मेदार हैं । अब धीरे-धीरे अपराधों की संख्या में कमी आ रही है । अब पुलिस स्टेशनों पर रिपोर्ट दर्ज हो रही है, पहले यह नहीं होता था । इसकी वजह से भी कानून और व्यवस्था में बाधा पड़ती थी । मैं अपनी सरकार से यह अनुरोध जरूर करूंगा कि वह थोड़ा और सख्ती से काम ले क्योंकि कांग्रेस के बन्धु देश में अव्यवस्था की स्थिति पैदा करना चाहते हैं अगर उन्हें कंट्रोल करना है तो सरकार को थोड़ा और सख्ती से काम लेना पड़ेगा ।

15.00 hrs.

सरकार ने अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की दशा सुधारने के लिए आयोगों की स्थापना की है । इस कदम से इन लोगों की दशा में सुधार होगा । सरकार चुनाव प्रणाली में सुधार करने के लिए भी कदम उठा रही है । आज तक चुनाव प्रणाली में कोई सुधार नहीं किया गया । अनुरोध करता हूं कि इसमें तुरन्त सुधार किया जाना चाहिए । जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि वह 18 साल के व्यक्तियों को मतदान का अधिकार देगी । मैं चाहता हूं कि इस घोषणा को जल्दी से जल्दी पूरा करना चाहिए । जब 18 साल की एक युवती अपना पति चुन सकती है, 16 वर्ष का अफ़सर राष्ट्र का काम संभाल सकता है तो 18 वर्ष का व्यक्ति लोकतंत्र में मतदान क्यों नहीं कर सकता हैं । इसलिए मेरी मांग है कि 18 साल के व्यक्ति को वोट देने का अधिकार तुरन्त दिया जाए ।

स्टीफन साहब और नाथूराम जी कह रहे थे कि आर्थिक दृष्टि से हमने कुछ नहीं किया । कल का बजट आपके सामने हैं । इससे पता लग गया होगा कि हम गांवो के लिये क्या करने जा रहे हैं । हमारे बारे में कहा जाता है कि हम पूंजीपतियों के लिये कर रहे है । मैं कहता हूं कि इंदिरा जी के जमाने में जितनी विदेशी पूंजी इस देश में आयी, उतनी अब नहीं आ रही हैं । उस जमाने में कुछ पूंजीपतियों को बहुत महत्व मिलता था लेकिन आज ऐसा नहीं है । हम गांधी जी की नीति पर, गांधी जी के रास्ते पर चल रहे हैं इसलिए हमें भ्रष्ट अफसरों, दिवालिया राजनीतिज्ञों और बड़े-बड़े पूंजीपतियों का प्रहार सहना पड़ रहा है । फिर भी आप कहते हैं कि हम पूंजीपतियों का साथ दे रहे हैं । हमने अपने बजट का 40 प्रतिशत सिंचाई व्यवस्था में सुधार के लिए रखा है । गांवों को और अधिक बिजली दे रहे है, गावों में सड़कें बना रहे हैं छोटे-छोटे स्कूल और छोटे-छोटे उद्योग धंधे खोल रहे हैं । क्या यह गांवों का या देश का विकास नहीं हैं ? हम देश में विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था लाना चाहते हैं । हमने बड़े नोटों का बिमुद्रीकरण किया । क्या यह बहुत बड़ा काम नहीं है ? एक-एक हजार के नोट बड़े-बड़े पूंजीपतियों ने जमा किये हुए थे, वे सब बेकार हो गये हैं । क्या यह बड़ काम नहीं है ?

इसके साथ-साथ हमने मजदूरों को बोनस दिया । आपातकाल में जिनको नौकरियों से निकाल दिया गया था उन्हें वापस लिया । हमने ट्रेड यूनियन के अधिकार बहाल किये । मजदूरों की जो भी समस्याएं हैं उनको हम दूर कर रहे है । क्या ये सब थोड़े काम हैं ?

[श्री नाथू सिंह]

मैं राजस्थान के मुख्य मंत्री को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने राजस्थान में अन्त्योदय चलाया। जो पहले कहते थे कि हम गरीबी दूर करेंगे वे गरीबी तो दूर कर नहीं पाए लेकिन खुद दूर हो गए। लेकिन हम जैसे ही सत्ता में आए हमने गरीबी दूर करने का काम शुरू कर दिया है। अन्त्योदय योजना है। श्री नाथू राम मिर्धा ने कह दिया है कि कोई विकल्प नहीं है। इस योजना में हर गांव में पांच परिवारों को लिया जाएगा। सबसे जो गरीब हैं उनको चुना जाएगा। उनके लिए मकान बना रहे हैं उनको जमीन अगर उनके पास नहीं है तो जमीन दे रहे हैं छोटी छोटी डेरी की उनके लिए व्यवस्था कर रहे हैं मुफ्त में उनके बच्चों को शिक्षा देने की व्यवस्था कर रहे हैं। एक साल में पांच परिवारों की गरीबी इस तरह से दूर होगी और पांच साल में एक गांव में पच्चीस परिवारों की दूर हो जाएगी। इतने तो एक गांव में गरीब परिवार भी नहीं होंगे।

पिछली सरकार ने राजस्थान की ओर ध्यान नहीं दिया। राजस्थान सबसे पिछड़ा हुआ राज्य है। वहां जब श्री मोहन लाल सुखाड़िया मुख्य मंत्री थे तब श्रीमती इंदिरा गांधी उनसे खुश नहीं थीं। इस वास्ते उन्होंने उस प्रदेश को आज तक पिछड़ा हुआ रखा है और वहां पर विकास कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया। जयपुर उसकी राजधानी है। उसके अन्दर तक आज तक कोई भी बड़ी इंडस्ट्री नहीं लगाई गई। अहमदाबाद में बड़ी बड़ी कपड़ा मिलें हैं। दिल्ली से बड़ी लाइन अहमदाबाद को जयपुर होते हुए ले जानी चाहिए थी लेकिन नहीं ले जाई गई। मैं आशा करता हूं कि जयपुर में बड़ी इंडस्ट्री भी लगाई जाएगी और दिल्ली से अहमदाबाद के लिए जयपुर होते हुए एक बड़ी लाइन देने की व्यवस्था भी की जाएगी।

चूंकि राजस्थान एक पिछड़ा हुआ राज्य है इस वास्ते उसको पिछड़ा राज्य घोषित करके वहां पर छोटे छोटे उद्योग धंधे चालू किए जायेंगे ऐसा भी मैं विश्वास करता हूं।

सरकार ने चीनी और खण्डसारी में जो गड़बड़ी हुई थी उसको ठीक कर दिया है। लेकिन यह कदम कुछ देर में उठाया गया है। मैं चाहता हूं कि किसानों की समस्याओं के प्रति जागरूक रहा जाए और समय पर जो भी कदम उठाना हो उठाया जाए।

फसल बीमा की आज तक व्यवस्था नहीं की गई है। ओला वृष्टि से फसलें बरबाद हो जाती हैं और किसान तबाह हो जाता है। इस साल बेमौसम ओले पड़े हैं। जिन स्थानों पर ओले पड़े हैं सरकार को चाहिए कि छोटे छोटे राहत कार्य वहां चालू करे उन लोगों को जो ओला वृष्टि से प्रभावित हुए हैं सहायता दे। किसानों की फसलों का बीमा हो सके इस प्रकार की व्यवस्था भी सरकार करे ताकि किसान को नुकसान से बचाया जा सके।

शिक्षा में हमने जो परिवर्तन किया है। हमने तय किया है कि निरक्षरता को पांच साल में दूर कर दिया जाए गा। पहले वाली सरकार जो उसके पिट्ठू हुआ करते थे उनको उपकुलपति बना दिया करती थी। हम लोग इसमें परिवर्तन कर रहे हैं और अच्छे शिक्षा शास्त्रियों को विश्वविद्यालयों के उपकुलपति बना कर भेज रहे हैं ताकि शिक्षा जगत में कोई अव्यवस्था का वातावरण न रहे।

बेरोजगारी भत्ते की जिसकी हमने घोषणा की थी उसको हम अभी तक शुरू नहीं कर सके हैं। मेरा निवेदन है कि लो लोग बेरोजगार हैं उनके लिए तुरन्त रोजगार उपलब्ध कराया जाए और यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो उनको बेरोजगारी भत्ता दिया जाए चाहे प्रारम्भ में उसकी राशि कम ही क्यों न हो।

अब मैं विदेश नीति के बारे में थोड़ा सा कहना चाहता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि वास्तव

में तटस्थता की नीति पर आज यही सरकार है जो चल रही है। पहली सरकार की विदेश नीति रूस की तरफ झुकी हुई थी। 1956 में जब हंगरी पर रूस ने हमला किया वहां टैंक भेजे तो कांग्रेस सरकार चुप रही कुछ नहीं बोली, वहां पर लोगों की स्वतन्त्रता को जब कुचला जा रहा था तब उसके मुंह से एक शब्द भी नहीं निकला। 1968 में चेकोस्लोवाकिया की जनता ने स्वतन्त्रता की मांग की थी। तब रूस के टैंक वहां गए और लोगों की स्वतन्त्रता की आवाज को उन्होंने कुचल कर रख दिया। श्रीमती इंदिरा गांधी चुप रहीं, उनकी सरकार चुप रही। वही आज इस सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि यह सरकार की नीति अमरीका के अनुकूल है। लेकिन आप देखें कि वास्तविक स्थिति क्या है। सबसे पहला कदम हमने कौन सा उठाया है। सर्वप्रथम हम रूस गए और बाद में अमरीका के राष्ट्रपति कार्टर यहां पर आए। पहले हम रूस की यात्रा पर गए और बाद में कार्टर यहां आए। मैं पूछना चाहता हूं कि आप बतायें कि हमारी विदेश नीति में क्या खोट है? वास्तव में यह सही विदेश नीति है। हमारे पड़ौसी देशों के साथ सम्बन्ध बहुत अच्छे हो रहे हैं।

चीन के साथ सम्बन्ध अच्छे तो हो रहे हैं लेकिन किस तरह से सम्बन्ध आगे और ज्यादा सुधर सकेंगे यह मुझे मालुम नहीं। बीस अक्तूबर, 1962 को जब कांग्रेस सरकार थी तब इसी सदन में सब लोगों ने खड़े होकर कसम खाई थी कि चीन जब तक हमारी भूमि जो उसने छीनी हैं वापिस नहीं कर देता है या उस जमीन को हम वापिस नहीं ले लेते हैं तब तक हम दम नहीं लेंगे। पिछली कांग्रेस सरकार ने तब से लेकर 1977 तक उस जमीन में से एक इंच जमीन भी वापिस नहीं ली। यह आपकी कूटनीति थी और विदेश नीति थी। आज भी चीन उस जमीन को दबाए बैठा है। लेकिन मुझे विश्वास हैं कि जनता सरकार इस बारे में कूटनीतिक तरीके से काम लेगी और उस जमीन को चीन से बातचीत करके, सम्बन्ध सुधार के, मित्रता कर के वह जमीन को वापस लेगी।

सेन्टर स्टेट रिलेशन्स के बारे में कल कुछ माननीय सदस्य कह रहे थे। कम्युनिस्ट भाई हमारे कहते हैं कि इस बारे में बातचीत होनी चाहिये। स्टेट्स को ज्यादा अधिकार देने चाहियें। मेरी समझ में नहीं आता कि वह अधिकार लेकर क्या करेंगे। पहले ही उनके पास काफ़ी अधिकार हैं। जो अधिकार स्टेट्स के पास हैं उनको वह किसी को देना नहीं चाहते। हम कहते हैं कि जिला परिषदों को, पंचायतों को ज्यादा अधिकार दो, जो कि वह नहीं दे रहे हैं। उल्टे स्टेट के लिये और ज्यादा अधिकार मांग रहे हैं। वेस्ट बंगाल के श्री ज्योति बसु द्वारा, कश्मीर के शेख अब्दुल्ला द्वारा और तमिलनाडु में यह मांग की जा रही है। यह वही श्री ज्योति बसु हैं जब 1962 में चीन से लड़ाई हुई थी तो उस समय इन्होंने कहा था कि हिन्दुस्तान ने चीन पर हमला किया है। वह आज ज्यादा अधिकार मांग रहे हैं। शेख अब्दुल्ला जेल से छूटते ही चाउ-एन-लाई से बात करने गये थे, वह ज्यादा अधिकार मांग रहे हैं। तमिलनाडु की सरकार भी कहती है कि स्टेट को ज्यादा अधिकार मिलने चाहियें। मेरा कहना है कि हमारा देश नाजुक दौर से गुजर रहा है, आप रोज उत्तर दक्षिण की लड़ाई करवाते हो, रोज अंग्रेजी और हिन्दी की लड़ाई करवाते हो, जो किसी भी तरह से सही और उचित नहीं हैं। मुझे विश्वास हैं कि इस नाजुक दौर में अगर हमने केन्द्र को कमजोर किया तो इसके परिणाम गलत भोगने पड़ेंगे, हो सकता हैं कि देश की बहुत बड़ा नुकसान हो जाये। इसलिए इस समय स्टेट और सेन्टर रिलेशन्स जो हैं वही ठीक हैं। अगर दोनों में आपस में किसी विषय पर झगड़ा हो तो उसके समझौते की व्यवस्था संविधान में है।

पुनः जनता सरकार ने एक साल में जो काम किये है उसके लिये मैं सरकार को

[श्री ताथू सिंह]

धन्यवाद देता हूं और आशा है कि इसी तरह से आगे भी जनता सरकार काम करेगी और ज्यादा जनता की सहानुभूति प्राप्त करने के लिये उसे सतर्क होकर काम करना चाहिये ।

श्री पद्माचरण सामन्तसिंहेरा (पुरी) : उपाध्यक्ष जी, राष्ट्रपति जी ने जो भाषण दिया है उसका मैं स्वागत करता हूं । लेकिन पहले मुझे यह कहना है कि उड़ीसा के 8 एम० पी० ने उड़िया में भाषण देने के लिये कहा था और उसके बारे में एक्स-स्पीकर, श्री रेड्डी साहब से बातचीत हुई थी तो उन्होंने कहा था कि इस बजट सेशन से इसका इन्तजाम कर देंगे । लेकिन बजट सेशन शुरू हो गया है पर अभी तक इंटरप्रीटेशन का कोई इन्तजाम नहीं हुआ है । उड़िया भाषा का इंटरप्रीटर अभी तक अपौइंट नहीं हुआ, इसका हमें खेद है । हम जानना चाहते हैं कि उड़िया भाषा हाउस में हम बोल सकते है कि नहीं ?

सभाध्यक्ष महोदय : आप बोलिये ।

श्री पद्माचरण सामन्तसिंहेरा : इन्टरप्रेटर नियुक्त होने के लिये अखबार में नोटिस भी निकला है । वह इंटरप्रीटर है कि नहीं हमको मालूम नहीं हैं । आप ऐलान करेंगे कि इंटरप्रीटर है कि नहीं ? उड़ीसा की 2 करोड़ जनसंख्या है उनकी भाषा के इंटरप्रीटेशन का इन्तज़ाम क्यों नहीं हो सकता है ? कब तक उड़िया इंटरप्रीटर अपौइंट होगा, यह मैं जानना चाहता हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय : अभी हम कुछ नहीं बोल पायेंगे ।

श्री पद्माचरण सामन्तसिंहेरा : हम उड़िया में कहेंगे ।

उपाध्यक्ष महोदय : बोलिये ।

श्री पद्माचरण सामन्तसिंहेरा : **

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can continue to speak in Oriya, but please give a translation afterwards for record.

श्री पद्माचरण सामन्तसिंहेरा : It is not possible; I will speak in Hindi.

वह बोलते है कि डैमोक्रेसी नहीं है, हम 2 सवाल उनसे पूछते हैं जो लोक-सभा में भाई वहां पर बैठे हैं और कांग्रेस में इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में थे । जिस समय एमर्जेन्सी जारी हुई उस समय कोई इंडिपेंडेंट जुडिशियरी नहीं थी । जज को कलैक्टर और एस० पी० गाइड किया करता था । इस तरह की मैं एक दो एक्ज़ैम्पिल देना चाहता हूं ।

मैं भी एमर्जेन्सी के 19 महीने जेल में था । मेरा वारन्ट निकाले बगैर और बगैर किसी नोटिस के मुझे गिरफ्तार कर लिया गया ।

हमको ग्राडिनरी कण्ट्रोल रूम में पुलिस लाइन में एक दिन रखा गया । उसके बाद हमको वारण्ट दिया गया । उस वारण्ट में हमारे बाप का नाम गलत लिख दिया । उनको मालूम था मेरा नाम पी० सी० सामन्तसिंहेरा है और हमारे बाप का नाम मधुसूदन सामन्तसिंहेरा है । मैं एक बार एम० एल० ए० रह चुका हूं, दो बार एम० पी० के लिये कंटैस्ट किया है, जिला परिषद् का चेयरमैन 7 साल रहा हूं, जिला बोर्ड का वाइस चेयरमैन रहा हूं, 5 साल तक स्टेट की-आपरेटिव बैंक और सेंट्रल बैंक का चेयरमैन रहा हूं लेकिन उनको मेरे पिता का सही नाम मालूम नहीं, यह देखने की बात है । उन्होंने मेरे पिता का नाम माधव सामन्तसिंहेरा लिखा । पिता का नाम चेंज करना कितनी खराब बात है ? पिता जब ठीक नहीं है तो लड़का क्या कर सकता है ?

मैंने इस बारे में होम डिपार्टमेंट को लिखा है कि हमारी इज्जत बरबाद किया है, हमारे

**Spoke in Oriya.

पिता का नाम बदल गया है, हमको इसके लिये कंपेंसेशन दे । हमने 50 हजार का क्लेम किया है । हमने कहा है कि हम बूढ़े आदमी हैं, हमने प्रैस्टिज लूज किया हैं इसलिये कंपेंसेशन दिया जाये ।

इसी तरह से पुरी जेल में हमारे एक स्टूडेंट और यूथ लीडर को हाइड्रो-सील के आपरेशन के लिये पुरी अस्पताल में भेजा गया । उनके साथ जो व्यवहार किया गया, वह बात आदमी नहीं सोचता है, जानवर सोचता है । उनको चेन से बांधा गया, और हैंडकफ किया गया । उस डेटेन्यु ने इस बारे में कलेक्टर और एस० पी० को कहा, लेकिन वे बोले कि हम क्या कर सकते हैं । हम लोगों ने कहा कि यह इनडोर पेशेंट है, इसका आपरेशन होगा, वह कहां भाग जायेगा, यहां पर पुलिस के सात आदमी मौजूद हैं । लेकिन फिर भी उसे आपरेशन बैड पर जंजीर से बांध कर और हैंडकफ लगा कर रखा गया । क्या यह मानवीय सभ्यता है या पशुओं की सभ्यता है ? श्रीमती इन्दिरा गांधी के दल के लोगों ने इन बातों का समर्थन किया था । लेकिन आज वे लोग कहते हैं कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में डेमोक्रेसी, गणतन्त्र के बारे में कुछ नहीं कहा गया है ।

मेरा एक नौ साल का लड़का है और एक लड़की है । मैं एक्सरे के लिए हास्पिटल के जेनेरल वार्ड में गया था । पुलिस ने मेरे नौ साल के लड़के को वहां मेरे साथ बातचीत करने देने से इंकार कर दिया, हालांकि आम जनता जेनेरल वार्ड में जाती है ।

जिन लोगों ने ऐसे काम किये, आज वही लोग कहते हैं कि जनता सरकार ने गणतन्त्र के बारे में कुछ नहीं कहा है । वास्तव में श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार ने गणतन्त्र को खत्म कर दिया था---उसे नाम-मात्र के लिए भी नहीं रहने दिया था । न सरकार में, न पार्लियामेंट और विधान सभाओं में और न जुडिशरी में कोई स्वतन्त्रता या गणतन्त्र रहने दिया गया । इस सदन में या विधान सभाओं में माननीय सदस्य जो भाषण देते थे, उन्हें अखबारों में प्रकाशित नहीं किया जा सकता था ।

ब्रिटिश गवर्नमेंट ने 1942 की मूवमेंट के समय मुझे इमप्रिजन किया था और मुझे थर्ड क्लास प्रिजनर के रूप में रखा गया था । मैं यह कह सकता हूं कि इस वक्त हमारे साथ जो बिहेवियर किया गया, और जो इंडिपेंडेंस तथा फैसिलिटीज हमें दी गई थीं, श्रीमती इन्दिरा गांधी के शासन-काल में उन में बहुत गिरावट और कमी हो गई थी । उन दिनों ब्रिटिश सरकार से भी ज्यादा नीच काम किये गये थे ।

मेरे दोस्त कहते हैं कि आज गणतंत्र नहीं है । वास्तव में देश में अब गणतंत्र की प्रतिष्ठा हुई है । 1946–47 में हमें जो आजादी मिली थी, श्रीमती इन्दिरा गांधी और कांग्रेस सरकार ने उस आजादी को छीन लिया था । लोगों ने स्ट्रगल कर के अपनी आजादी को फिर प्राप्त किया हैं । इस लिए यह आजादी की दूसरी लड़ाई थी ।

पिछले साल प्रेजिडेंट के एड्रेस में कहा गया था कि जनता सरकार न्यूजपेपर्ज और जुडिशरी को इंडिपेंडेंस देगी, आईन सब पर समान रूप से लागू होगा और आईन में एमेंडमेंट कर के लोगों को नागरिक स्वतंत्रता दी जायेगी । पिछले दिनों हमारे देश में दो आईन रहे---एक आईन श्रीमती इन्दिरा गांधी के लिए और दूसरा आईन आम जनता के लिए । आम जनता के लिए आई० पी० सी० हैं और कोर्ट किसी भी मामले पर विचार कर सकती है । रामचन्द्र जी के युग में, सत्ययुग और कलियुग में, हर एक युग में आईन, न्याय और नीति सब के लिए समान होती थी । लेकिन पिछले उन्नीस महीने के दौरान यह व्यवस्था की गई कि

[श्री पदमाचरण सामन्तसिंहेरा]

प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी, पर आईन लागू नहीं होगा वह चाहे कुछ भी करे, किसी कोर्ट में उस पर विचार नहीं हो सकेगा । अमरीका में वाटरगेट के मामले में एक थर्ड क्लास मैजिस्ट्रेट ने प्रैजिडेंट के मुकदमे पर विचार किया । लेकिन यहां प्राइम मिनिस्टर के बारे में हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट विचार नहीं कर सकते हैं । यह कहा गया कि पार्लियामेंट में उन के आदमियों का एक बोर्ड उन के मामले पर विचार करेगा । उन के लिए यह बात है कि आईन ऐसा हो गया कि जूडिशियरी इंडिपेंडेंट हो गई । सब के लिए समान हो गया । राष्ट्रपति हों, प्रधान मंत्री हो, एम०पी० हों, एम एल०ए० हों सब के लिए एक जैसी व्यवस्था हो गई ।

दूसरी बात जो गणतंत्र की है, मैं कहता हूं इस के पहले तक भारतवर्ष की कौन कंट्रोल करता था ।, जवाहर लाल नेहरू प्रधान मंत्री थे, उन की लड़की प्रधान मंत्री हुई तीस साल हो गए, कौन यहां इंडिया का शासन कर रहा था ? यह गणतंत्र था ? कौन रूल कर रहा था इंडिया को ? बीच में बहुत थोड़े दिनों के लिए माननीय लाल बहादुर शास्त्री जी प्रधान मंत्री रहे लेकिन वह बहुत कम समय तक थे । उस में उन्होंने कुछ काम किए थे । लेकिन उस थोड़े से समय के अलावा बाकी के तीस सालों में कांग्रेस पार्टी किस के अन्डर में थी देश पर कौन शासन कर रहा था ? गणतंत्र का यह रूप था कि एक फेमिली ट्रेडीशन के माफिक बाप होगा, फिर लड़की होगी और उस के बाद संजय गांधी हो सकता था । एमर्जेंसी के अन्दर लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने रेवोल्यूशन नहीं किया होता तो इंदिरा गांधी के बाद संजय गांधी को ही प्रधान मंत्री बनाने का उनका इरादा था, उन की चिन्ता थी,उन का कार्यक्रम था, उन की योजना थी कि उन के बाद उन का लड़का इंडिया का प्रधान मंत्री बने । लेकिन अब जो गणतंत्र स्थापित हुआ है उस में जनता ने उन को बाध्य कर दिया । जनता ने वह काम कर दिया कि अब वह आ नहीं सकेंगे । गणतंत्र की इस प्रकार प्रतिष्ठा हो गई कि आज ही नहीं फयूचर के लिए भी ऐसा हो गया कि कोई गणतंत्र को खत्म नहीं कर सकता है । हमारे आईन मंत्री ने हाउस में बयान दिया है कि कांस्टीट्यूशन में अमेंडमेंट करेंगे ताकि जो कोई भी सरकार कभी आए वह कोशिश भी करे, चाहे भी तब भी एमर्जेंसी जारी न कर सकेगी क्योंकि संविधान में इस प्रकार के संशोधन कर दिए जाएंगे । हमारे विरोधी पार्टी के लोगों को भी संविधान में इस प्रकार का संशोधन करने में शामिल होना चाहिए और संविधान के अन्दर यह संशोधन करना चाहिए ।

गरीबों के लिए स्लोगन लगाया गया कि गरीबी हटाओ और यह कहा गया कि गरीबों के लिए, हरिजनों के लिए सब कुछ करेंगे । लेकिन हुआ क्या ? 1947 में बिरला हाउस की प्राफीट 30 करोड़ था । जवाहर लाल नेहरू के रिजीम में और इंदिरा गांधी के रिजीम में 900 करोड़ या 1000 करोड़ हो गया । कौन बढ़ रहा है । गरीब बढ़ रहा है या पूंजीपति बढ़ रहे हैं ? टाटा का क्या था ? 1947 में 20 करोड़ या 18 करोड़ रुपया था, अब वह बढ़ कर 700–800 करोड़ हो गया या 1000–1100 करोड़ हो गया । बड़ा बड़ा होता है, छोटा छोटा होता जाता है । लेकिन कहा क्या जाता है कि गरीबी हटाओ । चीनी चीनी बोलने से पेट में मीठा नहीं जायेगा । गरीबी हटाओ, गरीबी हटाओ स्लोगन देने से गरीबी मिट नहीं जायगी । काम करने से मिटेगी । या केवल बात से नहीं मिटेगी, कलम से नहीं मिटेगी, भाषणों से नहीं मिटेगी, रेडियो से यह काम नहीं होगा । उस के लिए काम करने से गरीबी मिटेगी ।

वह कहते हैं कि पोलिटिकल पार्टीज को कोई स्वतंत्रता नहीं है, लेकिन यह बात नहीं है । अब तो ऐसी व्यवस्था हो गई कि चुनाव के अन्दर भी जो विरोधी पार्टी के लीडर हैं उन को भी रेडियो पर भाषण देने के लिए, अपना प्रोग्राम करने के लिए इजाजत होगी । उस के लिए उन को इजाजत मिलती रही है और उन के प्रोग्राम होते रहे हैं । इसलिए आज जो जनता सरकार कर रही है वह सब के लिए काम कर रही है ।

अब दामों के बारे में कहते हैं कि कुछ नहीं हुआ । लेकिन अभी जो बुलेटिन निकला है उस में आप देखें, रेलवे बजट हमारा जो पेश हुआ है उस में एमर्जेंसी के मुकाबिले में हमारी इनकम ज्यादा हो गई है, पैसेंजर ज्यादा हुए हैं, गुडस ट्रैफिक बहुत हो गया है । एमर्जेंसी में जितना हुआ था उससे ज्यादा हो गया है। 1977–78 में एमर्जेंसी लागू कर के भी जितना काम नहीं हुआ था बगैर एमर्जेंसी के उतना काम हो गया ।

तीसरी बात ला-एण्ड-आर्डर की है । हमारे यहां ला-एण्ड-आर्डर सिचुएशन इतनी खराब नहीं है, जितनी विरोधी दलों के लोगों ने जाहिर करने की कोशिश की है । जब कोई देश आजाद होता है, तो आजादी का यही मतलब हैं कि उस की जनता को बोलने की आजादी होनी चाहिये, उस की लेबर को आजादी होनी चाहिये, किसानों को आजादी होनी चाहिये कि वे अपनी तकलीफें सरकार के सामने जाहिर कर सकें, अपने क्लेम सरकार के सामने रख सकें और सरकार के द्वारा उन की तकलीफें दूर हों। एमर्जेंन्सी के दौरान ला-एण्ड-आर्डर के बारे में जो रिपोर्ट हमारे सामने आई है, उन से मालूम होता है कि कैपिटल में उस जमाने में जितनी डकैतियां पड़ीं, जितनी चोरियां हुई, उन के मुकाबले पिछले साल जितनी डकैतियां और चोरियां हुई, वे कम हैं । वास्तविकता तो यह है कि उस जमाने में ऐसी बातों की खबरें अखबारों में आती ही नहीं थीं, क्योंकि अखबारों पर रेस्ट्रिक्शन लगा हुआ था । आज वह स्थिति नहीं है, आज तो हमारे मिनिस्टर, राष्ट्रपति, या एम० पीज यदि कोई बात कहते हैं, तो सब बातें अखबारों में आती हैं, उन पर किसी प्रकार का कोई रेस्ट्रिक्शन नहीं है । अभी पिछले दिनों हमारे गृह मंत्री ने इस सदन में फिगर्स देते हुए बतलाया था कि पिछले साल के मुकाबले ऐसी घटनाओं की संख्या बहुत कम हुई है ।

हमारे विरोधी सदस्यों ने कहा कि चीजों के भावों में कोई कमी नहीं हुई है । मैं उन्हें बतलाना चाहता हूं कि पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम का काम अभी हाल में चालू हुआ है । हमारे यहां जो प्राइमरी कोआपरेटिव सोसायटीज है, सर्विस-कोआपरेटिव-सोसायटीज हैं–उनके जरियें कन्ट्रोल्ड कमाडिटीज एसेन्शियल कमाडिटीज के बिक्री करने का इन्तजाम किया गया है, जिस की वहज से चीजों के दाम गिरने शुरू हो गये है । मैं आप को एक उदाहरण देता हूं—जीरा पिछले साल बहुत मंहगे दामों पर बिका, लेकिन अब उस का दाम काफी कम हो गया है । मैं इस बात को मानता हूं कि जितना कम होने की हम उम्मीद करते थे, उनता अभी कम नहीं हुआ है, लेकिन उस का दाम कम होना शुरू हो गया है ।

आप जनता पार्टी की इकानामिक पालिसीज की देखिये, मल्टी-नेशनल्ज के बारे में रेजोल्यूशन पास हुआ है, काटेज इण्डस्ट्रीज के बारे में रेजोल्यूशन पास हुआ है, बड़ी इण्डस्ट्रीज के बारे में रेजोल्यूशन पास हुआ है । सरकार की नई पालिसी के अनुसार यदि 300 करोड़ रुपया बड़ी इन्डस्ट्रीज में इन्वेस्ट होगा, तो उससे 20 से 30 हजार आदमियों को काम मिलेगा । लेकिन यदि 300 करोड़ रुपया काटेज

[श्री पद्माचरण सामन्तसिंहेरा

इण्डस्ट्रीज पर खर्च होगी तो हमारे देश के 30 लाख आदमियों को काम मिलेगा । इसी लिये सरकार की नीति है कि काटेज और स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहन दिया जाये, ताकि देश के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले ।

